# अकोला वाशिम जिला सहकारी बैंक में एईपीएस सेवा का प्रारंभ

**लोकनेता स्व नानासाहेब संपकाळ को किया अभिवादन**

**विकास के लिये एकजुटता जरुरी- सांसद धोत्रे**



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अकोला, 20 अक्टूबर-** विकास के लिये सभी की एकजुटता जरुरी है. सामूहिक प्रयासों से ही काम सफल होते हैं, ऐसा प्रतिपादन सांसद अनुप धोत्रे ने किया. अकोला वाशिम जिला सहकारी बैंक द्वारा आयोजित लोकनेता स्व. नानासाहेब सपकाळ अभिवादन सभा और जिला बैंक में आधुनिक डिजिटल पेमेंट के लिये उपलब्ध की गयी एईपीएस सिस्टम के उद्‌घाटन समारोह में सांसद अनुप धोत्रे बोल रहे थे. अकोला वाशिम जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सहकार नेता डॉ. संतोषकुमार कोरपे की अध्यक्षता में हुये इस समारोह में विधायक रणधीर सावरकर, वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. नानासाहेब चौधरी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाषराव ठाकरे, नीलकंठ सहकारी सूतगिरणी के अध्यक्ष डॉ. रणजीत सपकाळ प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

सांसद अनुप धोत्रे ने आगे कहा की जिला बैंक की विभिन्न योजनाओं का किसानों को बड़ा लाभ मिल रहा है. जिला बैंक की प्रगति में स्व. नानासाहेब सपकाळ, सहकार महर्षि स्व. डॉ. अन्नासाहेब कोरपे, डॉ. संतोषदादा कोरपे का बड़ा योगदान है. इन सभी महानुभावों ने सामूहिक प्रयास करके कृषि, सहकारिता के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि दी है. इसको कायम रखना अब हमारी नयी पीढ़ी की जिम्मेदारी है. हम सब इसको कायम रखेंगे, ऐसा सांसद अनुप धोत्रे ने बताया.विधायक रणधीर सावरकर ने कहा की नीलकंठ सहकारी सूतगिरणी के लिये शासन ने बड़ी आर्थिक सहायता मंजूर की है. इस कारण शीघ्र ही नीलकंठ सहकारी सूतगिरणी शुरू होगी. किसानों के लिये शासन हरसंभव प्रयास कर रहा है. कपास और सोयाबीन की खरीदी हमी दामों में शुरू होगी, ऐसा विधायक सावरकर ने बताया. डॉ. नानासाहेब चौधरी ने नानासाहेब संपकाळ की स्मृतियों को उजागर किया. सुभाषराव ठाकरे ने किसानों के लिये जिला बैंक द्वारा किये जा रहे कामों की सराहना की. बैंक के अध्यक्ष डॉ. संतोषकुमार कोरपे ने लोकनेता स्व. नानासाहेब सपकाळ का जीवन सभी के लिये प्रेरणा देनेवाला है. ऐसा बताते हुये जिला बैंक द्वारा किसानों की सेवा में आधुनिक सेवा सुविधाओं का किसानों ने लाभ लेने की अपील की. जिला बैंक के संचालक रमेश हिंगणकर, डॉ. सुभाषचंद्र कोरपे, वामनराव देशमुख, रामासिंग जाधव, डॉ. जयराज कोरपे, शिरीष धोत्रे, राजेश राऊत, जगदीश पाचपोर, उमेश ठाकरे, अंबादास तेलगोटे, दामोदर काकड, जिला बैंक के सीईओ अनंत वैद्य आदि के साथ महादेवराव भुईभार, शिवाजीरावं देशमुख, श्रीधर पागृत, बबनराव कानकिरड, राम मुळे, दादाराव मोरे, प्रमोद धोत्रे आदि के साथ कृषि सहकारिता क्षेत्र के लोग इस समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित थे.जिला बैंक के निवृत्त अधिकारी बी जी काळे द्वारा लिखित पुस्तिका का विमोचन सांसद अनुप धोत्रे के हाथों किया गया. साथ ही जिला बैंक के दो ग्राहक किसानों को एईपीएस सेवा से तत्काल भुगतान कराके इस आधुनिक सेवा का उद्‌घाटन सांसद अनुप धोत्रे के हाथों किया गया. इस प्रकार की आधुनिक सेवा किसानों को देनेवाली अकोला वाशिम जिला सहकारी बैंक ये देश में पहली जिला बैंक रही है, ऐसा सांसद अनुप धोत्रे ने बताया. कार्यक्रम का संचालन बी जे काळे व अपर्णा उके ने किया. जिला बैंक के सीईओ अनंत वैद्य ने आभार प्रदर्शन किया. जिला बैंक के मोहन अप्तुरकर, बी एस उकंडे, पाटिल आदि अधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता के लिये प्रयास किये.

# धारणी नपं नगराध्यक्ष पद पर डॉ. इमरान की दावेदारी

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**धारणी, 20 अक्टूबर-** फिलहाल समूचे जिले की नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों के चुनाव की प्रक्रिया जोरों पर शुरू है तो वहीं इच्छुक उम्मीदवार अपनी-अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं. धारणी नगर पंचायत पर नगराध्यक्ष पद के लिए डॉ. इमरान खान ने अपनी दावेदारी पेश की है.बता दें कि, डॉ. इमरान विगत कई वर्षों से धारणी में बतौर डॉक्टर कई वर्षों से सेवा दे रहे हैं और गोर गरीब लोगों के लिए फ्री सेवा भी दे रहे हैं. साथ ही राजनीतिक और सामाजिक कार्यों में हमेशा सक्रिय दिखाई देते हैं. पूर्व विधायक राजकुमार पटेल के बेहद करीबी डॉ. इमरान ने इस बार भी विधायक पटेल के मार्गदर्शन में चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है. बता दे कि राजकुमार पटेल मेलघाट विधानसभा क्षेत्र से 3 बार विधायक रह चुके हैं. पटेल पहले राकांपा, भाजपा और प्रहार जनशक्ति पक्ष में रह चुके हैं,




लेकिन कुछ माह पूर्व ही उन्होंने कांग्रेस में प्रवेश किया है. डॉ. इमरान ने हर समय में उनका साथ दिया. धारणी नगर पंचायत में लगभग 13 से 14 हजार मतदाताओं का समावेश है. फिलहाल इस क्षेत्र में भाजपा विधायक मौजूद है. ऐसे में विद्यमान और पूर्व विधायक के उम्मीदवारों के बीच नगर पंचायत में घमासान का मुकाबला देखने को मिलेगा ऐसी चर्चाएं आमजनों में बनी हुई है. फिलहाल तो सभी इच्छुक अपनी-अपनी फील्डिंग लगाने में व्यस्त हैं. सभी दलों और पार्टियों के उम्मीदवारों के चेहरे सामने आने के बाद ही सारी तस्वीरें साफ होंगी.

## पीआई आठवले ने की नागरिकों से की अपील

# अपनी मूल संपत्ति की इफाजत कर मनाई दीपावली

**संवाददाता/ प्रतिदिन अखबार**
**मोर्शी, 20 अक्टूबर-** दीवाली पर्व के दौरान बंद घरों को निशाना बनाकर चोरियां होने की घटनाएं सामने आती हैं. दीवाली हिंदू धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार है, और इस अवसर पर स्कूल व कॉलेजों की छुट्टियों के कारण कई नागरिक अपने गाँव या अन्य स्थानों पर चले जाते हैं. इसी दौरान चोर बंद घरों को देखकर उन्हें निशाना बनाते हैं और चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं.इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए मोर्शी पुलिस थाने के थानेदार राहुल आठवले की ओर से नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है.बातचीत करते हुए थानेदार राहुल आठवले ने कहा है कि



यदि दीवाली के दौरान बाहर जा रहे हैं तो इसकी जानकारी मोर्शी पुलिस स्टेशन में जरूर दें. ताला लगाकर बाहर जा रहे हैं, तो घर में कीमती वस्तुएं या नकदी न रखें.बाहर जाते समय कोशिश करें कि आपके किसी रिश्तेदार को रात में घर पर रुकने को कहें.त्योहारों के दौरान गहने पहनकर बाहर जाते समय विशेष सतर्कता बरतें और लुटेरों से सावधान रहें.भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अपने गहनों, पर्स, कीमती वस्तुओं और मोबाइल पर नजर रखें.मोर्शी पुलिस स्टेशन के निरीक्षक राहुल आठवले ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे दीवाली के इस पर्व पर सजग रहें और किसी भी आपराधिक घटना को रोकने में पुलिस का सहयोग करें.




शिल्पकार
स्व. बळीरामजी मोरे पाटील

# कृषि उत्पन्न बाजार समिती, वाशिम ता.जि.वाशिम.



स्थापना :- १८९९

**वैशिष्टये** :- १) शेतकऱ्यांकरीता सोयाबीन, तुर, चना या शेतमालवर तारण कर्ज योजनेद्वारे वखार पावतीवर बाजार समितीकडुन ६% प्रमाणे अल्प दरामध्ये कर्ज देण्यात येते २) शेतमाल टाकण्याकरीता भव्य शेड, ओटयाची व्यवस्था आहे ३) संपुर्ण बाजार समिती यार्ड कॉंग्रेटींकरण केलेले आहे. तसेच सौरऊर्जा विद्युत व्यवस्था केलेली आहे. ४) बाजार समितीमध्ये शेतकरी निवास, शिदोरी गृह,स्वच्छ व वाटर फिल्टरचे पाणी, स्त्री व पुरूषांकरीता स्वतंत्र सुलभ स्वच्छता गृह, इलेक्ट्रॉनिक वजनकाटयाद्वारे अचुक मोजमाप केल्या जाते ५) व्यापारी, आडते, शेतकरी यांच्याकरीता ५० टनी इलेक्ट्रॉनिक वजन काटयाची सुविधा आहे ६) बाजार समितीमधील शेतमालाचे दररोजचे बाजारभाव व्हॉटॲपच्या माध्यमातुन निरीक्षकाद्वारे पाठविण्यात येतात व बाजारभाव डिस्प्लेबोर्डद्वारे प्रत्येक ओटयावर दर्शविण्यात येतात ७) शेतमालाला स्पर्धात्मक बोलीमुळे जास्तीत-जास्त बाजार भाव मिळतो ८) शेतकऱ्यांकरीता तक्रारीचा त्वरीत निपटारा करण्यात येतो व शेतमलाच्या सुरक्षतेकरीता संपुर्ण यार्डमध्ये सि.सि. टी.व्ही कॅमेरे बसविण्यात आलेले आहे तसेच २४ तास सिक्युरिटी गार्डची व्यवस्था केलेली आहे. ९) ई-नाम योजने अंतर्गत शेतकरी/व्यापारी आपला शेतमाल ऑनलाईन खरेदी-विक्री करू शकतात १०) वाशिम बाजार समितीमध्ये चिया, सोयाबीन, तुर, उडीद, मुंग, चना, गहु, ज्वारी, हळद इत्यादी शेतमाल बाजार समितीमध्ये विक्री करीता येत असतो ११) वाशिम बाजार समितीचे २ उपबाजार अनसिंग व राजगांव आहेत १२) अनसिंग येथे कापुस सोयाबीन, तुर, उडीद, मुंग, चना, गहु, ज्वारी, हळद इ. शेतमाल विक्रीस येतो उपबाजार येथे आवश्यक त्या सुविधा केलेल्या आहेत.

श्री.महादेव पुंडलीक काकडे, सभापती
श्री. गोवर्धन अभिमान चव्हाण, उपसभापती
श्री. वामन आनंदराव सोळंके, सचिव

## कृषी उत्पन बाजार समिती, वाशिम जि.वाशिम सर्व संचालक मंडळ

१) श्री.विठ्ठल ऊर्फ राजुभाऊ पांडुरंग चौधरी
२) श्री. दामोदर यशवंता गोटे
३) श्री. दत्ता विठोबा गोटे
४) श्री. नथ्थुजी नामदेवराव कापसे
५) श्री. सुभाषराव काशीराम चौधरी
६) सौ. प्रमिला रामचंद्र इढोळे
७) सौ. सविता गजानन काटेकर
८) सौ. रेखा सुरेश मापारी
९) श्री. सुभाष कनिराम राठोड
१०) श्री. चरण दाजीबा गोटे
११) सौ. आशा संजय मापारी
१२) श्री.विनोद उत्तम पट्टेबहादुर
१३) श्री. नंदकिशोर शंकर भोयर
१४) श्री. सुरेश भगवान भोयर
१५) सौ.सारीका नितिन करवा
१६) श्री. हिरा रन्नु जानिवाले


# गौमांस की बिक्री करने वालों से 60 हजार का माल जब्त

**मोर्शी पुलिस ने मारा छापा**

**संवाददाता/ प्रतिदिन अखबार**
**मोर्शी, 20 अक्टूबर-** मोर्शी के पास स्थित पिंपळखुटा गांव में अवैध रूप से गोमांस की बिक्री करते हुए एक युवक को रविवार को मोर्शी पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ा. पुलिस ने उसके पास से कुल 60 हजार रुपए का माल जब्त किया है.

मिली जानकारी के अनुसार मोर्शी पुलिस स्टेशन को सूचना मिली थी कि पिंपलखुटा गांव में एक युवक गोवंश की मांस बेच रहा है.इस गुप्त जानकारी के आधार पर पुलिस निरीक्षक राहुल आठवले के मार्गदर्शन में टीम ने छापा मारा. मौके पर मोनिश अहमद अनिस अहमद (20, पेठपुरा) नामक



युवक को गोमांस बेचते हुए पकड़ा गया. उसके पास से 10 किलो गोमांस बरामद हुआ है. इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल 60 हजार रुपए का माल जब्त किया है. आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक राहुल आठवले के नेतृत्व में पुलिस उपनिरीक्षक आकाश शिवणकर, तुषार चव्हाण, अमलदार स्वप्निल बायस्कर, छत्रपति करपते, अथर्व कोहले, और महिला पुलिस कर्मचारी कन्या गडलिंग ने की है.

## जिप शाला में जाति प्रमाणपत्र मिलान मार्गदर्शन शिविर

**संवाददाता/ प्रतिदिन अखबार**
**चांदूर रेलवे, 20 अक्टूबर-** चांदूर रेलवे तहसील में जिप माध्यमिक शाला व जूनि. कॉलेज में जाति वैधता प्रमाणपत्र मिलान मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया. प्राचार्य डॉ.श्रीकांत देशमुख इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के तौर पर उपस्थित थे. मंच पर समतादूत सलीम खान पठान, शिक्षिका सविता मळसने उपस्थित थीं. प्रतिभा कडू तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और पालक उपस्थित थे. विद्यार्थियों को शिविर का लाभ लेने और आगामी समय में अर्ज स्वीकारने का शिविर जल्द ही लिया जायेगा, ऐसी जानकारी दी गई.

# आखिर बुझाए गए राष्ट्रीय महामार्ग के जानलेवा गड्‌ढे

## युवा मित्रमंडल पुसला की चेतावनी का नतीजा



**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**वरुड़, 20 अक्टूबर-** अमरावती-पांढुर्णा राष्ट्रीय महामार्ग पर तहसील के पुसला गांव के समीप पड़े जानलेवा गड्ढे आखिरकार बुझा दिए गए. इस मार्ग से रात के समय इन गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का हमेशा ही खतरा बना रहता था. इन गड्ढों के कारण अनेकों बार छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हुई हैं. आखिरकार कफन-दफन आंदोलन की प्रशासन ने दखल लेकर योग्य निर्णय लिया और गड्‌ढे बुझाए जाने के कारण युवा मित्रमंडल, पुसला के पदाधिकारी, ग्रामवासी व माध्यमों के प्रतिनिधियों की सर्वत्र सराहना की जा रही है.

अमरावती-पांढुर्णा राष्ट्रीय महामार्ग पर वरुड़-पुसला सड़क के बीच पड़े हुए बड़े-बड़े गड्ढों के कारण विगत कुछ माह में अनेक छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं घटीं. कुछ लोगों को तो अपने प्राण भी गंवाने पड़े, वहीं कुछ लोगों को आजीवन अपंगत्व आ गया. इस गंभीर समस्या पर युवा मित्रमंडल, पुसला के अध्यक्ष सूरज धर्मे के नेतृत्व में अनेक निवेदन दिए गए. किंतु राष्ट्रीय महामार्ग की तंद्रा भंग नहीं होने के कारण इस महामार्ग पर कफन-दफन आंदोलन किया गया.

इसी दौरान राष्ट्रीय महामार्ग प्रशासन ने युवा मित्रमंडल, पुसला व ग्रामवासियों द्वारा दिए गए कफन-दफन आंदोलन की सभी माध्यमों द्वारा दी गई प्रसिध्दि की दखल ली और कुछ दिनों में ही इस राष्ट्रीय महामार्ग पर पड़े जानलेवा गड्‌ढे बुझा दिए गए. जिसके कारण इस मार्ग से यात्रा करने वाले सैकड़ों वाहनचालकों व यात्रियों को बड़ी दिलासा मिली है. इसके लिए युवा मित्रमंडल पुसला व सभी माध्यमों में प्रतिनिधियों की सर्वत्र सराहना की जा रही है.


समस्त आर्वीवासियांना दिपावलीच्या हार्दिक शुभेच्छा
सुनिल भस्मे
ममता भस्मे
आशिष भस्मे
श्रेयांस भस्मे
दत्त वार्ड, आर्वी
मो.-9823953425

आर्वीवासियांना दिवाळीच्या हार्दिक शुभेच्छा
शुभेच्छुक
मिलिंद कालपांडे
शासकीय ठेकेदार
आर्वी, जि.वर्धा

मे. प्रकाशचंद बजरंगलाल अग्रवाल
अनाज के थोक एवं चिल्लर विक्रेता
नेहरू मार्केट आर्वी
प्रोप्रा. राहुल प्रकाशचंद्र अग्रवाल, मो.
मो.- 9422143190
अनाया ट्रेडर्स

महालक्ष्मी डेव्हलपर्स ॲन्ड बिल्डर्स
प्रॉपर्टी डिलर, जुना कोर्टा समोर
आर्वी व अमरावती
प्रोप्रा. सुनील धुळे,
मोबा. 9422140678
8087876260
बस स्टॉप समोर, रूक्मिणी नगर अमरावती

पतंजली चिकित्सालय
व पशु खाद्य विक्रेता
स्वदेशी आयुर्वेदिक औषधालय
पतंजली व दिव्य फार्मसिचे औषधी आणि सर्व प्रकारचे उत्पादन मिळण्याचे एकमेव अधिकृत दुकान, दुरदर्शन केंद्राजवळ, आर्वी.
प्रोप्रा. देविदास साठे,
मोबा. 9422140505
प्रोप्रा. हरदेव साठे,
मोबा. 9422903145

माँ रेणुका मोटर ड्रायव्हिंग स्कूल
एलआयजी कॉलनी, शिरपुर रोड आर्वी
प्रो. विजय गिरी मो.
9763340179

मे.सुरेशचंद्र बस्तीरामजी राठी
व महेश गृह उद्योग
शुध्द घी व पापडचे विक्रेता
प्रो. सुरेशचंद्र राठी
प्रो. अमोल राठी
मो. ९४२२८६५०५५

मे. धनपतलाल मिश्रीलालजी टावरी
हेल्थफिट ऑईल, वाघबकरी चहा, मैसूर सैंडल सॉप, ईमामी ऑईल, रामदेव मसाले, रजवाडी चमनप्राश, के.एच.एफ. ऑईल, गोदरेज ऑईल व गोपी घी के अधिकृत विक्रेता
नेहरु मार्केट, आर्वी
प्रोप्रा.धनपतलाल टावरी
मो. ९४०४२०६०२५

ताहेरी ऑटो मोबाईल्स
शिवाजी चौक, आर्वी
सभी प्रकार टू व्हिलर और थ्री व्हिलर स्पेयर पार्ट व टायर के विक्रेता
प्रो. अजीजभाई बोहरा
मो.९८९०३६७१००

शुभ दिपावली
नरेश ट्रेडर्स
विठ्ठल वार्ड, आर्वी
प्रो.प्रा.हितेश माखिजा
मो.- ९४०५५२६८८८

मे. बी.एन. लाठीवाला एन्ड सन्स
डिलर एन्ड एजन्ट फार भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन
लि. आर्वी, जि. वर्धा,
फोन नं. 222238

कोटवानी मार्केटिंग
डिलर : दावत स्पाइसेस, सूर्या लाइटिंग, सफारी अगरबत्ती, हेम कार्पोरेशन, भारतवासी अगरबत्ती आदि के विक्रेता 54, 55 नेताजी मार्केट, आर्वी,
प्रोप्रा. सोनू कोटवानी, मो.
9422844473, 942035771

डागा मेडीकल अँड जनरल स्टोर्स
डॉ. कराडे मार्ग, आर्वी,
प्रोप्रा. राजेंद्र डागा, मो.
9420061777

मे. गोवर्धनदास रामुमल लालवाणी
होलसेल किराणा अँड ग्रेन मर्चंट इंदिरा चौक आर्वी
-: अधिकृत विक्रेता :-
कृष्णा, फ्रेशको, ज्योती, लक्ष्मी पापड, दमयंती कथ्था पावडर, पोटे मसाला, राजगिरा चिक्की.
प्रोप्रा. प्रकाश लालवाणी
9422143196

मेन्स झोन
किड्स झोन
सर्व प्रकारचे रेडिमेड्स कपडे
वाघजीमेघजी कॉम्प्लेक्स, आर्वी
प्रो.प्रा.दीपक मेघवानी
तरुण मेघवानी
मयूर मेघवानी
9421280580
7972467201, 9325798749

हरिओम किराणा भंडार
किराणा व अनाज के विक्रेता
नेहरु मार्केट, आर्वी
प्रो.अनिल तेजुमल वधवा -
9422842726
जितेंद्र तेजुमल वधवा


पुरवणी संकलन : परवेज अहमद साबीर, ता. प्रतिनिधि, दै. प्रतिदिन अखबार मो. 9422143145, 7972421699

